बैठक दिनांक 09.11.2023
संख्या : 1975/आठ–5–23–83विविध/14

प्रेषक,

अरूण कुमार,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

श्री आशुतोष श्रीवास्तव,
अध्यक्ष, वर्क मैनुअल समिति/मुख्य अभियन्ता,
प्रयागराज विकास प्राधिकरण, प्रयागराज।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–5 **लखनऊ : दिनांक 07 नवम्बर, 2023**

विषय : **उत्तर प्रदेश के समस्त विकास प्राधिकरणों एवं विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरणों में निर्माण एवं विकास कार्य हेतु Uttar Pradesh Development Authorities Development and Construction Manual (Works Manual) लागू किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या–1875/आठ–5–23–83विविध/14, दिनांक 25.10.2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा उत्तर प्रदेश के समस्त विकास प्राधिकरणों एवं विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरणों में निर्माण एवं विकास कार्य हेतु Uttar Pradesh Development Authorities Development and Construction Manual (Works Manual) लागू किये जाने के सम्बन्ध में विचारण हेतु गठित समिति में आपको अध्यक्ष/संयोजक एवं श्री आशु मित्तल, अधीक्षण अभियन्ता, प्रयागराज विकास प्राधिकरण को सदस्य नामित किया गया है।

2– अवगत कराना है कि प्रस्तावित Uttar Pradesh Development Authorities Development and Construction Manual-2023 के ड्राफ्ट पर विचार–विमर्श किये जाने हेतु सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में **दिनांक 09.11.2023 को अपराह्न 03:30 बजे,** लाल बहादुर शास्त्री भवन (एनेक्सी), भूतल स्थित उनके कार्यालय कक्ष संख्या–46 में एक बैठक आहूत की गयी है।

3– इस सम्बन्ध में प्रस्तावित Uttar Pradesh Development Authorities Development and Construction Manual-2023 के ड्राफ्ट की प्रति संलग्नकर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उक्त निर्धारित बैठक में संगत सूचनाओं सहित नियत तिथि एवं समय पर प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

संलग्नक : यथोक्त। (ई–मेल के माध्यम से)

भवदीय,
Arun Kumar
(अरूण कुमार)
अनु सचिव।

संख्या : 1975(1)/आठ–5–23–83विविध/14, तद्दिनांक:

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. उपाध्यक्ष, लखनऊ/प्रयागराज विकास प्राधिकरण।
2. निजी सचिव, सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. श्री आशु मित्तल, अधीक्षण अभियन्ता, प्रयागराज विकास प्राधिकरण/सदस्य, वर्कमैनुअल समिति को बैठक में प्रतिभाग करने हेतु प्रेषित।
4. श्री दीपक सिंह, वित्त नियंत्रक, लखनऊ विकास प्राधिकरण/सदस्य, वर्कमैनुअल समिति को बैठक में प्रतिभाग करने हेतु प्रेषित।
5. श्री एस0सी0 राय, सलाहकार (अभियन्त्रण),आवास बन्धु को बैठक में प्रतिभाग करने हेतु प्रेषित।

संलग्नक : यथोक्त। (ई–मेल के माध्यम से)

आज्ञा से,
(अरूण कुमार)
अनु सचिव।

IP Singh-Go-2023